# 53वीं राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक की रिपोर्ट

पीआरएल की 53वीं राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक **डॉ. अनिल भारद्वाज**, निदेशक, पीआरएल की अध्यक्षता में 27 मार्च, 2023 को आयोजित हुई। इस बैठक में वार्षिक कार्यक्रम 2023-24 की विस्तृत रूप से चर्चा की गई। धार 3(3) के दस्तावेज, हिंदी में प्राप्त पत्रों का उत्तर हिंदी में दिए जाने तथा मूल पत्राचार के विषय में सदैव सजग रहने का निर्देश दिया गया। इस वर्ष भी सभी लक्ष्यों को न केवल प्राप्त किया जाए बल्कि प्रतिशतता में वृद्धि के उपाय भी किए जाएं। नोटिंग, ड्राफ्टिंग अधिकांशतः हिंदी में ही किए जाएं और संबंधित जांच बिंदु अधिकारी शक्ति से उनका अनुपालन सुनिश्चित करें। कार्यालय के सभी नाम पट्ट, सूचना पट्ट, रबर की मोहरें आदि द्विभाषी में ही हों इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए एवं यह भी निर्देश दिया गया की बैठकों आदि की कार्यसूची एवं कार्यवृत्त हिंदी में जारी किए जाएं।

***<u>बैठक की झलकियां</u>***



